हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 9 दिसंबर 2025
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 पिता की निर्मम हत्या कर रिश्तों को कलंकित...



09 बिल्डिंग में लगी आग से रेस्क्यू कर लोगों को...


## हिमाचल व उत्तराखंड के ऊंचे इलाकों से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय

# 5.3°C पर जमा सीहोर, खेतों में जमी बर्फ सिहरन बढ़ी, मावठे की आहट ने बढ़ाई चिंता

हवा में इतनी नमी और ठंडक घुली हुई है कि सुबह का बाहरी वातावरण मानो बर्फीली रातों का एहसास करा रहा हो।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में ठंड ने इस बार अपनी तीखी दस्तक दे दी है। रविवार को न्यूनतम तापमान 5.3°C दर्ज किया गया, जो इस सीजन का सबसे ठंडा दिन साबित हुआ। सुबह-सुबह खेतों में पाले की सफेद परत जमी दिखाई दी, जिससे किसानों के चेहरों पर चिंता बढ़ गई। हवा में इतनी नमी और ठंडक घुली हुई है कि सुबह का बाहरी वातावरण मानो बर्फीली रातों का एहसास करा रहा हो। लोगों को घरों से बाहर निकलते ही सर्द हवाओं की तेज चुभन महसूस होने लगी है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएस तोमर ने बताया कि हिमाचल व उत्तराखंड के ऊँचे इलाकों से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। वहाँ हो रही बर्फबारी का सीधा असर मध्य प्रदेश के मौसम पर पड़ रहा है। उत्तर-पश्चिम दिशा से आ रही हिम-शीत हवाएँ सीहोर को लगातार ठंड की गिरफ्त में ला रही हैं। यही कारण है कि पिछले एक सप्ताह में पारा तेजी से गिरकर 9°C से 5°C तक पहुँच गया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह ठंड फिलहाल रुकने वाली नहीं है।



### मावठे की संभावना बनी मजबूत, बादलों ने बढ़ाई उम्मीद और आशंका

डॉ. तोमर के अनुसार आने वाले दिनों में मावठा गिरने की पूरी संभावना है। आसमान में छाए बादलों ने सर्दी को और अधिक कसा है। यदि मावठा होता है तो गेहूं और चने की फसलों को लाभ भी मिलेगा, पर बढ़ी नमी और कम तापमान पाले को और खतरनाक बना सकता है। किसान लगातार मौसम की निगरानी कर रहे हैं ताकि फसलों को नुकसान से बचाया जा सके। मौसम विभाग ने आने वाले 48 घंटों को अहम बताया है।

### बाजार में गर्माहट की तलाश, रजाई गद्दों और ऊनी कपड़ों की बढ़ी मांग

जैसे ही तापमान ने ठंड का रौद्र रूप दिखाना शुरू किया, शहर के रजाई-गद्दा बाजार में खूब रौनक लौट आई है। पिंजारों की दुकानों पर सुबह से भीड़ लगी रहती है। लोग पुरानी रजाइयों की भराई करवा रहे हैं और नई रजाइयाँ बनवाने का सिलसिला भी जारी है। वहीं ऊनी कपड़ों की दुकानों पर स्वेटर, जैकेट और मफलर की जमकर खरीदारी हो रही है। बाजार पूरी तरह विंटर मोड में आ चुका है और लोग गर्माहट की तलाश में लगातार पहुँच रहे हैं।

### शीतलहर की चेतावनी, अगले दिनों में बढ़ेगी ठिठुरन

मौसम विभाग ने संकेत दिया है कि शीतलहर का दौर शुरू हो चुका है और अगले कुछ दिनों में इसकी तीव्रता और बढ़ सकती है। रात के तापमान में और गिरावट होने की आशंका है। सुबह के समय कोहरा घना हो सकता है, जिससे दृश्यता भी प्रभावित होगी। विभाग ने बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। सीहोर का मौसम अब पूरी तरह सर्द हवाओं के कब्जे में है और आने वाले दिनों में ठंड का असर और गहरा होने की उम्मीद है।



## खबर संक्षेप में



### एसआईआर का भौतिक सत्यापन कर बीएलओ का सम्मान किया

**नलखेड़ा।** सोमवार को ग्राम भैसोदा के मतदान केंद्र क्रमांक 219, 220 व 221 पर भाजपा के बीएलए व अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में मृत, दोहरी प्रविष्टि व स्थानांतरित मतदाताओं का भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान एसआईआर का अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ का स्वागत कर सम्मानित भी किया गया।

### त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के लिए आरओ और एआरओ नियुक्त

**नलखेड़ा।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत के उप निर्वाचन-2025 उत्तरार्द्ध का कार्यक्रम घोषित किया गया है। जिसके अनुसार जिले की जनपद पंचायत आगर में 3 और नलखेड़ा में 4 रिक्त पदों पर पंच का निर्वाचन एवं जिला पंचायत सदस्य (निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-01, सुसनेर) के रिक्त पद पर निर्वाचन होना है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति यादव द्वारा पंचायत उप निर्वाचन हेतु रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति कर दी गई है। जिला पंचायत आगर के लिए रिटर्निंग ऑफिसर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम सुसनेर सर्वेश यादव एवं तहसीलदार सुसनेर रामेश्वर दांगी को नियुक्त किया है। इसी तरह जनपद पंचायत आगर के लिए रिटर्निंग ऑफिसर तहसीलदार विजय कुमार सेनानी, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सीईओ जनपद आगर मोहनलाल स्वर्णकार को नियुक्त किया है। जनपद नलखेड़ा के लिए रिटर्निंग ऑफिसर तहसीलदार नलखेड़ा प्रियंक श्रीवास्तव और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सीईओ जनपद नलखेड़ा अश्विनी पाटीदार होगी। रिटर्निंग ऑफिसर और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी निर्देशों के लिए पूर्णतः उत्तरदायी होंगे। उप निर्वाचन कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी प्रीति यादव ने निर्विघ्नं, शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न करवाने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के धारा 163 के तहत संबंधित ग्राम पंचायत, निर्वाचन क्षेत्र एवं वार्ड की सीमांतर्गत प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा 5 दिसम्बर से 5 जनवरी 2026 तक लागू की है।

# क्षेत्रवासियों को खस्ताहाल सड़कों से मिलेगी मुक्ति

## सीसी रोड का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहर को सुंदर बनाने के लिए हमें लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ मिलकर कार्य करना चाहिए। स्वच्छता एक अच्छी आदत है, जो हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है। क्षेत्रवासियों के सहयोग से हम प्रदेश में स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रथम स्थान पर है और इसी तरह सहयोग रहा तो आने वाले समय में देश के प्रथम स्थान पर होंगे।

उक्त विचार रविवार को शहर के वार्ड 12 में सात लाख 30 हजार की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य के भूमि पूजन के दौरान नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहे। इस मौके पर क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्य कराए जाने पर पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम यादव ने कहा कि बिना भेदभाव के विकास कार्य किए जा रहे है। लाखों रुपए से निर्मित होने वाली सीसी रोड के पश्चात वार्डवासियों को खस्ताहाल सड़क से मुक्ति मिलेगी। विकास के साथ-साथ शहर को सुंदर और स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी क्षेत्रवासियों की है। जानकारी के अनुसार नगर पालिका अध्यक्ष राठौर ने वार्ड की महिलाओं से वार्ड क्रमांक 12 अंतर्गत आने वाले सात लाख 30 हजार से बनाए जाने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। पार्षद प्रतिनिधि यादव ने बताया कि वार्ड में भगवान सिंह पाल के मकान से जगदीश राय के मकान तक बनाए जाने वाले सीसी सड़क का निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम में नरेन्द्र राजपूत, कमलेश राठौर, लोकेन्द्र वर्मा, गंगाराम पहलवान, नाथूराम दादा, छोटेलाल यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल थे।

### कॉलेज में प्रवेश से वंचित छात्रों के लिए प्रवेश प्रारंभ

**सीहोर।** पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं में स्वाध्यायी (प्राइवेट) प्रवेश के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ को गई है। प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा ने बताया कि नियमित रुप से वंचित छात्र स्वाध्यायी (प्राइवेट) छात्र के रुप में अपनी शिक्षा अर्जन की सुविधा का लाभ ले सकते हैं। विद्यार्थी प्रवेश के लिए कॉलेज पहुंचकर प्रवेश प्रभारी डॉ. गणेशलाल जैन से संपर्क कर सकते हैं।

# राजनैतिक दलों के बीएलए ने किया एसआईआर का भौतिक सत्यापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के प्रथम चरण में नगर के सभी मतदान केंद्रों पर शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन होने के बाद अब मतदान केंद्रों के बीएलओ द्वारा राजनैतिक दलों के बीएलए को बुलवाकर सत्यापन करवाया जा रहा है। सोमवार को नगर के विभिन्न मतदान केंद्रों पर राजनैतिक दलों के बीएलए द्वारा एसआईआर कार्य का भौतिक सत्यापन किया गया। जिसमें मृत दोहरी प्रविष्टि व स्थानांतरित मतदाताओं की पुष्टि करवाई गई। जिसमें यदि वास्तविक मतदाता छूट गया तो उसे राजनैतिक दलों के बीएलए द्वारा चिन्हित कर संबंधित बीएलओ को बताया गया, ताकि बीएलओ संबंधित से नियत समयावधि में गणना फार्म भरवाकर उसका डिजिटाइजेशन कर सकें। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री पवन वेदिया मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा बीएलए 2 पंकज सोनी राजेश भावसार शिवम नागर हेमंत जायसवाल आदि द्वारा नगर के मतदान केंद्र क्रमांक 185, 188, 189, 195, 197 पर पहुंचकर एसआईआर कार्य का अवलोकन कर भौतिक सत्यापन किया गया।

### आरबीएसके के तहत बच्चों को दी जा रही सेवाएं

**सीहोर।** जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत नवजात से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों को समग्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में पाए जाने वाले जन्मजात दोषों, कुपोषण, विकासात्मक देरी और विभिन्न बीमारियों की समय रहते पहचान कर उनका निशुल्क उपचार सुनिश्चित करना है, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके और वे स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ सकें। उन्होंने बताया कि बाल स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की प्रक्रिया जन्म के समय प्रसव स्थल पर, 0 से 6 सप्ताह तक नवजात शिशुओं के घर-घर जाकर आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से, 6 सप्ताह से 6 वर्ष तक आंगनबाड़ी केंद्रों पर तथा 6 से 18 वर्ष तक के बच्चों की स्कूलों में नियमित जांच के माध्यम से की जाती है।

## मंदिर परिसर विकास को लेकर कलेक्टर ने किया निरीक्षण

# बगलामुखी मंदिर के मास्टर प्लान के निर्देश दिए





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

कलेक्टर प्रीति यादव ने सोमवार को मां बगलामुखी मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परिसर से हटाए गए अतिक्रमण का स्थलीय निरीक्षण किया और मंदिर परिसर के समग्र एवं सुव्यवस्थित विकास को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान किए।



कलेक्टर ने भोपाल से आए आर्किटेक्ट्स के साथ आगामी मास्टर प्लान के संबंध में चर्चा की तथा विधिवत प्लानिंग कर चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर भूमि पर श्रद्धालुओं को सुगम एवं सुरक्षित दर्शन की व्यवस्था सुनिश्चित करने भीड़ प्रबंधन को व्यवस्थित करने पार्किंग व्यवस्था यज्ञशाला सहित अन्य आवश्यक निर्माण कार्यों को नियोजनबद्ध ढंग से करने के निर्देश दिए। निरीक्षण उपरांत कलेक्टर ने मां बगलामुखी के दर्शन कर पूजन-अर्चन किया गया। इस अवसर पर धरोहर कोंकोर के डायरेक्टर्स एवं आर्किटेक्ट अर्जुन हबलानी प्रदीप हबलानी एवं सागर जगवानी अपर कलेक्टर आरपी वर्मा एसडीओपी देवनारायण यादव अनुविभागीय अधिकारी सर्वेश यादव तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव सीएमओ मनोज नामदेव पटवारी रामपाल सिंह तोमर हाउसिंग बोर्ड विभाग लोक निर्माण विभाग आरईएस विभाग सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक का किया आयोजन

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशानुसार सोमवार को समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नंदा भलावे कुशरे ने सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा कर अधिकारियों को शिकायतों का समाधानकारी निराकरण करने के निर्देश दिए। सीईओ ने जनपद आगर की सीएम हेल्पलाइन निराकरण की स्थिति ठीक नहीं होने और डी ग्रेडिंग मिलने पर नाराजगी जाहिर कर शीघ्र स्थिति में सुधार लाने के निर्देश जनपद सीईओ को दिए। स्वास्थ्य, शिक्षा और राजस्व विभाग के अधिकारियों को भी सीएम हेल्पलाइन निराकरण में सुधार लाकर ए ग्रेडिंग प्राप्त करने के निर्देश दिए।

### शिकायत नॉन अटेंड न रहें

अपर कलेक्टर आरपी वर्मा ने कहा कि किसी विभाग की शिकायत सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर नॉन अटेंड नहीं रहे, अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने राजस्व विभाग के अंतर्गत नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन की लंबित शिकायतों का संतुष्टि के साथ निराकरण करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। बैठक में हिट एंड रन के प्रकरण, टाइम लिमिट के पत्र की समीक्षा कर समय-सीमा में निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। सीईओ जिला पंचायत ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन की घोषणा की गई है। निर्वाचन कार्य हेतु शासकीय सेवक की ड्यूटी लगाई जाना है, सभी विभाग प्रमुख अपने विभागों की अधिकारी-कर्मचारी की जानकारी शीघ्र उपलब्ध करवाए। बैठक में एसडीएम आगर मिलिंद ढोके, डिप्टी कलेक्टर किरण वरवड़े, प्रेम नारायण परमार सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

### एलईडी स्क्रीन के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया



**नलखेड़ा।** जिले में संचालित यातायात जागरुकता अभियान के तहत नलखेड़ा पुलिस द्वारा जगह जगह पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें नागरिकों को अपने जीवन की सुरक्षा के लिए वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट वेल्ट लगाने की समझाइश दी। इस अवसर पर थाना प्रभारी नागेश यादव के साथ अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

### महेश गौड़ जिला कार्यकारिणी में सदस्य मनोनीत




**नलखेड़ा।** स्थानीय बड़ा गणपति मंदिर पर सोमवार को हिन्दू जागरण मंच की बैठक प्रांत कार्यकारिणी सदस्य भेरुसिंह सोलंकी की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा के साथ ही जिला कार्यकारिणी में नगर के महेश गौड़ को सदस्य बनाया गया है। नियुक्ति पर इष्ट मित्रों तथा संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा हर्ष व्यक्त कर उन्हें बधाई दी गई।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

खबर संक्षेप

## युवक की सड़क हादसे में हुई मौत, अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर



**देवास।** रविवार रात देवास-भोपाल बायपास पर हुए एक सडक़ हादसे में युवक की मौत हो गई। घटना शंकरगढ़ के समीप हुई। सुमित (निवासी ग्राम थूरिया पानीगांव, हाल मुकाम चूना खदान काकड़) अपनी बाइक से ड्यूटी पर जा रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। राहगीर उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई ने बताया कि सुमित पिछले दो वर्षों से देवास में ही रह रहा था। वह यहां एक निजी कंपनी में काम करता था। बीती रात वह घर से अपनी ड्यूटी के लिए ही निकला था, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। सुमित शादीशुदा था और उसका आठ महीने का एक छोटा बच्चा भी है। इस आकस्मिक घटना से परिवार में मातम छा गया है। सोमवार को जिला अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम किया गया। हादसे के बाद एक राहगीर वाहन चालक ने मानवता दिखाते हुए घायल सुमित को अपनी गाड़ी से जिला अस्पताल पहुंचाया था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

### पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष किया प्रस्तुत, भेजा जेल

# पिता की निर्मम हत्या कर रिश्तों को कलंकित करने वाले बेटे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### एसपी और एएसपी के निर्देश पर थाना बागली पुलिस ने की प्रभावी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

जिले के बागली क्षेत्र में पुत्र ने अपने पिता की कुल्हाड़ी से हमला कर रविवार शाम को हत्या कर दी। यह घटना ग्राम पंचायत धावडिय़ा में हुई। आरोपी पुत्र घटना के बाद से फरार था। धावडिय़ा निवासी विष्णु पटेल (भील) का उनके बड़े पुत्र सोहन से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद बढने पर सोहन ने शराब के नशे में कुल्हाड़ी से पिता के सिर पर वार कर दिया।

इस हमले से विष्णु पटेल की मौके पर ही मौत हो गई। थाना बागली पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम धावड़िया अन्तर्गत शराब के नशे में आरोपी सोहन द्वारा घरेलू बातों को लेकर अपने ही पिता के सिर पर कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी है। सूचना पर से तत्काल थाना प्रभारी बागली मय फोर्स के घटनास्थल पर पहुँचे एवं घटनास्थल का निरीक्षण कर उक्त घटना से वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया एवं थाना बागली पर आरोपी सोहन के विरूद्ध अपराध क्रमांक 415/2025 धारा 103(1) BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया, जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बागली सृष्टि भार्गव के निर्देशन में थाना प्रभारी बागली निरीक्षक अभिनव शुक्ला के मार्गदर्शन में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया । पुलिस टीम के द्वारा आरोपी सोहन की गिरफ्तारी हेतु तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किए गए। विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर सोमवार को आरोपी सोहन को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से हत्या के दौरान प्रयुक्त कुल्हाड़ी जप्त कर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । पुलिस ने सोहन पिता विष्णु उर्फ वेस्ता भूरिया उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम धावड़यिा थाना बागली को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी बागली निरीक्षक अभिनव शुक्ला, उनि लोकेश कुशवाह, सउनि मनोज शर्मा,प्रआर यशवंत तोमर,आर. अनिल डामोर,अरुण चौहान एवं महेश सिसौदिया की सराहनीय भूमिका रही ।




# ग्राम रतनपुर में 15 दिनों से बंद पड़ा मोबाइल कंपनी का टावर

### उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



ग्राम रतनपुर में दो अलग-अलग कंपनियों के मोबाइल टावर लगे हुए हैं, लेकिन इनमें से एक कंपनी का टावर करीब पिछले 15 दिनों से पूरी तरह बंद पड़ा हुआ है। इससे उस कंपनी की सिम उपयोग करने वाले सैकड़ों उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने पहले ही रिचार्ज कर रखा है, बावजूद इसके नेटवर्क नहीं मिलने से वे खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।ग्रामीण भारत सेंधव, संस्कार अग्रवाल, गबू परिहार, राहुल काग का कहना है कि मोबाइल नेटवर्क बंद होने से ऑनलाइन भुगतान, पढ़ाई, व्यापार, बैंकिंग सेवाएं और सरकारी योजनाओं से जुड़ा कामकाज पूरी तरह प्रभावित हो गया है। विद्यार्थियों की ऑनलाइन पढ़ाई रुकी पड़ी है, वहीं व्यापारियों को डिजिटल लेन-देन में भारी दिक्कत आ रही है।ग्रामीणों द्वारा इस समस्या को लेकर संबंधित कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर को मौखिक रूप से सूचना भी दी जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं किया गया। इससे ग्रामीणों में कंपनी के प्रति आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्रामीण उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्होंने अपने मोबाइल नंबरों पर मंथली और डाटा रिचार्ज पहले ही करवा रखे हैं, लेकिन नेटवर्क बंद होने के कारण उन्हें किसी भी प्रकार की सेवा नहीं मिल रही है। मजबूरी में उन्हें दूसरी कंपनी की सिम लेनी पड़ रही है, जिससे उन्हें अतिरिक्त आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही टावर चालू नहीं किया गया और समस्या का समाधान नहीं हुआ तो इसकी शिकायत दर्ज कराएंगे।ग्राम रतनपुर के सरपंच हरिहर मोगरे ने बताया मोबाइल टावर बंद होने से पंचायत का काम प्रभावित हो रहा है। मैंने जिस कंपनी की सिम ले रखी है। इस पर हमारे कार्य की ओटीपी आती है।

# छतरपुरा की महिला सरपंच ने गांव को किया गौरांवित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

जनपद पंचायत बागली की एकमात्र ग्राम पंचायत जो कि हमेशा विकास कार्यों एवं अपने व्यवहार को लेकर सम्मानित होती आ रही है। ग्राम पंचायत छतरपुरा की महिला सरपंच निर्मला जवाहर पाटीदार गांव के विकास कार्यों को लेकर लगातार सक्रिय नजर आती है जिसके चलते गांव में विकास भी हो रहा है और ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है। महिला सरपंच की सक्रियता और मेहनत के चलते लगातार अनेक संस्थाओं, प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जा रहा है। पहली बार बनी महिला सरपंच पाटीदार लगातार सम्मान प्राप्त कर गांव को भी गौरान्वित कर रही है। सरपंच पाटीदार एक किसान परिवार की बहू है, जिनका पूरा परिवार हमेशा समाज सेवा से जुड़ा हुआ नजर आता है। निर्मला गांव के लोगों ने जो भरोसा जताकर उन्हें सरपंच बनाया उस पर खरा उतारने का प्रयास कर रही है। सरपंच बनने के बाद घर से निकल कर गांव की गलियों से दिल्ली तक का सफर तय कर पाटीदार ने राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त किया है। दिल्ली में उन्हें अपने कार्य एवं सेवा भाव के विचारों के चलते सम्मान प्राप्त हुआ है। जानकारी अनुसार महिला उत्थान व कल्याण के लिए सक्रिय संयुक्त राष्ट्र संस्था - विमेन इंडिया, भारत में महिलाओं की सार्वजनिक और राजनैतिक भागेदारी को बढ़ावा देने के लिए, एक नेतृत्व विकास कार्यशाला का संचालन कर रही है। जिसका नाम है --शीलीड्स' इसका नई दिल्ली में तीसरा संस्करण सम्पन्न हुआ । दो दिवसीय कार्यशाला पुरे भारत से 30 महिला जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया जिसमें ग्राम पंचायत छतरपुरा सरपंच निर्मला जवाहर पाटीदार भी शामिल हुई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत छतरपुरा की सरपंच को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। भारतः शीलीड्स, महिलाओं की राजनैतिक भूमिका के उन विमेन की भारत में प्रतिनिधि आदरणीय कांता सिंह की गरिमामय उपस्थिति के साथ अन्य राज्यों से महिला जनप्रतिनिधि ओर सांसद उपस्थित हुई। निर्मला जवाहर पाटीदार को दिल्ली में सम्मानित होने पर ग्राम पंचायत छतरपुरा में सभी ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है।



# भारतीय किसान संघ बागली तहसील की बैठक संपन्न, अनुविभागीय अधिकारी को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

भारतीय किसान संघ बागली तहसील की बैठक कैलाश जोशी उपज मंडी बागली में संपन्न हुई। शुरुआत में बैठक की अध्यक्षता करते हुए तहसील प्रभारी नारायण मंडलोई ने बताया कि खाद की कमी के विषय में किसानों से चर्चा की गई। किसानों ने बताया कि कई प्राइवेट दुकानों पर खाद का स्टॉक एवं खाद का भाव बोर्ड पर लिखा जाए ताकि किसानों को अधिक मूल्य न देना पड़े। जिला प्रचार प्रसार प्रमुख राकेश जाट ने बताया कि कमलापुर से करनावत तक नवीन नेशनल हाईवे पर सर्विस रोड दिया जाए जिससे किसान अपने खेत पर सुगमता से जा सके। अभी बहुत सारे खेत ऐसे भी हैं जिसमें जाने का रास्ता ही नहीं बचा है जिससे रबि की फसल बोने में भी किसान असमर्थ है। उसकी भरपाई कंपनी या सरकार द्वारा की जाए। किसानों द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री के कहे अनुसार दिन में ही 10 घंटे बिजली दी जाए। हॉट पिपलिया माइक्रो इरिगेशन सिंचाई परियोजना का कार्य अति शीघ्र किया जाए। रेलवे में भमोरी से चासिया जाने वाले मार्ग में सपना संगीता वेयरहाउस के पास ब्रिज बनाया जाए जिससे किसानों एवं आमजन को गांव एवं खेतों में जाने में रुकावट ना आए। भावांतर योजना अंतर्गत किसानों के खाते में डाली गई राशि में किसी भी प्रकार की कटौती न की जाए। इन सभी बिंदु को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विकासखंड बागली जिला देवास के नाम एक ज्ञापन नायब तहसीलदार पीहू कुरेल को सोपा गया। ज्ञापन का वाचन विक्रम सिंह उदावत द्वारा किया गया जिस दौरान कमलापुर, चापड़ा, भमोरी, बामनखेड़ी, अमरपुरा, बैहरी के किसान उपस्थित रहे। भारतीय किसान संघ बागली तहसील अध्यक्ष अनिल पाटीदार, तहसील मंत्री सतीश प्रजापत, इंदर सिंह, डालूराम भाटी, सूरजमल पाटीदार, किशोर, सोरठ, गणेश, चंपालाल प्रजापत, नारायण, मोहनलाल राठौड़, चंपालाल यादव सहित कई किसान उपस्थित थे।



# एक सप्ताह में मिली यूरिया की तीसरी रैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ॠतुराज सिंह के प्रयास से जिले के किसानों को लगातार उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास की गोपेश पाठक ने बताया कि देवास जिले को जिले में यूरिया उर्वरक का 48507 मीट्रिक टन जिले को प्राप्त हो चुका है, जिसमें 43237 मीट्रिक टन का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि 4 दिसम्बर को दो यूरिया रैक से लगभग 5200 मीट्रिक टन यूरिया जिले को प्राप्त हुआ है। सोमवार को इफको कंपनी का 2511 मीट्रिक टन यूरिया प्राप्त हो चुका हैं। यूरिया समस्त सेवा सहकारी संस्थाओं, डबललॉक केन्द्रों, एमपीएग्रो, मार्केटिंग सोसायटियों एवं निजी विक्रेताओं के यहां पर उर्वरक का भंडारण किया गया है। जिले के किसानों को यूरिया उर्वरक की कमी नहीं आने दी जाएगी। इसके लिए सतत यूरिया की पूर्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि 11 दिसम्बर को हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड एच यूआरएल कंपनी की 2643 मीट्रिक टन रैक आ रही है।




## विश्व कप विजेता ब्लाइंड क्रिकेट टीम की तीन खिलाड़ी पहुंची देवास



**देवास।** विश्व कप जीतने के बाद भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम की तीन सदस्य पहली बार सोमवार को देवास पहुंचीं। शहर में उनका स्वागत और सम्मान किया गया। उज्जैन रोड स्थित अभिनव टॉकीज से दृष्टिहीन कन्या केंद्र तक खिलाड़ियों को रैली के रूप में ले जाया गया, जहां उन्होंने एक कार्यक्रम में भाग लिया।टीम सदस्यों ने दृष्टिहीन कन्या केंद्र की बालिकाओं से मुलाकात की। टीम की कप्तान सुषमा पटेल ने बताया कि भारत के लिए विश्व कप जीतना उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इस टीम में मध्य प्रदेश की महिला क्रिकेटर भी शामिल हैं।पटेल ने बताया कि जीत के बाद उन्हें राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मिलने का अवसर मिला, जो उनके लिए बहुत अच्छा अनुभव था। यह पहला विश्व कप था जो भारत ने जीता।उन्होंने बताया कि चुनौती बहुत बड़ी थी, क्योंकि उन्हें 20 साल पुरानी नेपाल और पाकिस्तान की टीमों के खिलाफ मुकाबला करना पड़ा और विश्व कप भारत को दिलाया। सभी खिलाड़ियों पर दबाव था, लेकिन उन्होंने पूरी मेहनत से इसे पूरा किया।भारतीय टीम के सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा, विराट कोहली और हरमनप्रीत कौर ने भी उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपना पहला मैच और फाइनल देखा था, जिससे उन्हें अच्छा प्रदर्शन कर विश्व कप जीतने की प्रेरणा मिली।

# संयुक्त संचालक, ओआईसी ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

वरिष्ठ संयुक्त संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल एवं ओआईसी देवास डॉ.राकेश बोहरे ने सोमावर को संजीवनी क्लीनिक गीता भवन देवास का निरीक्षण कर एनएचएम सभाकक्ष में सभी कार्यक्रम अधिकारियों, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारियों, खंड चिकित्सा अधिकारियों एवं अन्य कर्मचारियों की बैठक ली।वरिष्ठ संयुक्त संचालक डॉ.राकेश बोहरे ने मातृ स्वास्थ्य सेवाएं, प्रसव पूर्व सेवाएं, टीकाकरण सेवाओं का अवलोकन किया एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने ओपीडी को देखा एवं आयरन सुक्रोज के बारे में जानकारी ली। उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली महिलाओं को दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली एवं आयुष्मान कार्ड और संबंधित उपचार के संबंध में निर्देश दिए गए।बैठक में वरिष्ठ संयुक्त संचालक डॉ. बोहरे ने स्वास्थ्य सूचकांकों को बढ़ाने के निर्देश दिए। एस एन ए स्पर्श (सिंगल नोडल एजेंसी) के माध्यम से किये जा रहे पेमेंट की समीक्षा की। उन्होंने आशा इंसेंटिव कैपेसिटी बिल्डिंग एंड ट्रेनिंग, आईईसी प्रिंटिंग, पी एस ए प्लान अंडर केयर, स्टेट स्पेसिफिक प्रोग्राम में विभाजित पी आई पी प्रोगाम इंप्लीमेंटेशन प्लान की विधिवत पूर्व प्लानिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने भ्रमण एवं निरीक्षण के पिछले पालन प्रतिवेदन पर चर्चा की। उन्होंने चेतावनी देते हुए स्पष्ट निर्देशित किया कि यदि सुधार नहीं पाया गया तो कार्यवाहियां होंगी। उन्होंने निर्देशित किया कि सुधारात्मक बिंदुओं को गहराई से लें, भ्रमण करें, निरीक्षण करें, फॉलो अप करें एवं निरीक्षण में पाई गई कमियों में सुधार लाने की कार्यवाही करें। इस दौरान कंसलटेंट अर्बन हेल्थ एनएचएम भोपाल अभिषेक सिंघई, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सरोजिनी जेम्स बेक, सिविल सर्जन डॉ. आर पी परमार, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुनील तिवारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेंद्र गुजराती, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. मनीषा मिश्रा, जिला क्षय अधिकारी डॉ. अमरीन शेख, जिला मीडिया अधिकारी श्रुति गौर तोमर, अस्पताल प्रबंधक प्रमोद कुमार गुणवान, डीपीएम कामाक्षी दुबे, जिला लेखा प्रबंधक स्मिता कुशवाहा, डीसीएम ओ पी मालवीय, उप जिला मीडिया अधिकारी कमल सिंह डावर, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी,खंड चिकित्सा अधिकारी सहित बीपीएम एवं बीसीएम मौजूद थे।

### आगामी लोक अदालत के संबंध में बैठक आयोजित, वर्ष की अंतिम लोक अदालत 13 को

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष ने वकीलों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में 13 दिसम्बर शनिवार को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में सोमवार को दोपहर 02.00 बजे जिला अभिभाषक संघ देवास में अधिवक्तागणों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में अजय प्रकाश मिश्र अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण ने उपस्थित अधिववक्तागणों को संबोधित करते हुए कहा कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालय के साथ - साथ अधिवक्तागणों का भी विशेष सहयोग एवं भूमिका रहती है कि वह पक्षकारों को नेशनल लोक अदालत में राजीनामा हेतु प्रेरित कर सकते है। साथ ही नेशनल लोक अदालत में अधिकांशतः मामले जैसेः- मोटर दुर्घटना दावा, राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, धारा 138 चैंक बाउंस, एवं वैवाहिक मामलों में विशेष रूप से राजीनामा की संभावना अधिक रहती है। बैठक में विशेष न्यायाधीश/प्रभारी नेशनल लोक अदालत, विकास शर्मा, उमाशंकर अग्रवाल प्रथम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, अभिषेक गौड़ पंचम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, राजेन्द्र कुमार पाटीदार तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, उत्तम कुमार डार्बी अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, प्रसन्न सिंह बहरावत चतुर्थ अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, डॉ. रविकांत सोलंकी अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, भारत सिंह कनेल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नीलेन्द्र कुमार तिवारी व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, कुंवर युवराज सिंह पंचम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड , निकिता वार्ष्णेय पाण्डे षष्टम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड , प्रियांशु पाण्डे सप्तम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, सौरभ जैन अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, चंद्रा पंवार पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, सुभाष चौधरी जिला विधिक सहायता अधिकारी एवं पंकज पंड्या उपाध्यक्ष, जिला अभिभाषक संघ, गीता शर्मा उपाध्यक्ष, जिला अभिभाषक संघ, अतुल पंड्या, सचिव जिला अभिभाषक संघ, श्वेतांक राज शुक्ला, सचिव ग्रंथालय जिला अभिभाषक संघ, दीपेन्द्र सिंह तोमर, कोषाध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों का निराकरण कराने पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों एवं प्रिलिटिगेशन प्रकरणों एवं बैंक रिकवरी के प्रिलिटिगेशन प्रकरणों में संबंधित विभागो द्वारा नियमानुसार विशेष छूट दी जाएगी। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्र द्वारा अधिवक्तागणों से अपील की गई कि- अधिवक्तागण विशेष रूप से रूचि लेकर नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों को समझाईश दे कि राजीनामा के आधार पर मामले का शीघ्र और बिना किसी व्यय के निराकरण होता है और पक्षकारों के बीच प्रेम और स्नेह बना रहता है। लोक अदालत में नेशनल लोक अदालत में सिविल एवं चैक अनादरण से संबंधित प्रकरणों में न्यायशुल्क की राशि की नियमानुसार वापसी होती है जिससे पक्षकारों को अतिरिक्त लाभ होता है। अतः अधिक से अधिक पक्षकार इस अवसर का लाभ उठाएं।



## खबर संक्षेप

### दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने करें आवेदन

**ललितपुर।** प्रभारी सीएमओ डा.अमित तिवारी ने बताया कि डीएम के निर्देशानुसार प्रत्येक बुधवार को मेडिकल कॉलेज के कमरा 25 में मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यांगता परीक्षण करते हुये दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाये जायेंगे। दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने कि प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इसके उपरांत आवेदनकर्ता को किसी भी बुधवार को मेडिकल कॉलेज जाकर कमरा नम्बर 25 में चिकित्सकीय परीक्षण कराना होता है। तदुपरांत ऑनलाइन आवेदन दिव्यांगता रिपोर्ट एवं आधार कार्ड के साथ सीएमओ कार्यालय में जमा करना होता है जिसके उपरांत दिव्यांग प्रमाण पत्र ऑनलाइन निर्गत कर दिया जाता है। जिन दिव्यांगजनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र ऑनलाइन नहीं है, वे स्वावलंबन वेबसाइट पर ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत यू.डी.आई.डी. कार्ड बनवा सकते है। सीएमओ कार्यालय द्वारा दिव्यांग प्रमाण जारी करने की प्रक्रिया निशुल्क है। जिले में 31 अक्टूबर 2025 तक कुल 8720 ऑनलाइन दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किये जा चुके है। प्रभारी सीएमओ ने सभी पात्र लाभार्थियों से दिव्यांग मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होकर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने की अपील की।

### मरीजों को जीवनशैली सुधारना बताया

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसाइटी द्वारा संचालित क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अर्जुन लाल अहिरवार, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ.राम शबद यादव, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. पवन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में मास्टर ट्रेनर-योग प्रशिक्षक रामू कांत ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय वृद्धजन आश्रम में वृद्धजनों को योगासन एवं प्राणायाम शिविर का आयोजन किया गया मरीजों को यौगिक चिकित्सा, स्वास्थ्य परामर्श एवं जीवनशैली सुधार के उपाय प्रदान किए। योग अपनाएँ स्वस्थ, निरोगी और संतुलित जीवन पाएँ। मैनेजर दामोदर शर्मा, केयर टेकर रूपेश परिहार, समा बनो रेनू, दीपक रसोइया कल्पना और पुष्पा आदि मौजूद रहे।

### पं विश्वनाथ शास्त्री जयंती पर होगी रामकथा

**विदिशा।** कल धर्मदिवाकर पं विश्वनाथ शास्त्री जयंती महोत्सव पर ध्वजारोहण एवं श्रीरामकथा का आयोजन 10 दिसंबर 16 दिसंबर तक होगी। बजरंग शरण महाराज कथा करेंगे। कथा का आयोजन चौपड़ा स्थित व्यायाम शाला परिसर में दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक होगा। 13 दिसंबर को शाम 4 बजे से चौपड़ा से रामलीला तक शास्त्री जी की मंगल शोभायात्रा निकाली जाएगी। रामलीला में ध्वजारोहण होगा।

### किसान कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित

**विदिशा।** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनीत दांगी ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए 7 उपाध्यक्ष, 16 महामंत्री सहित 28 सचिवों के नामों की सूची कर दी है। यह सभी नियुक्तियां प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के मार्गदर्शन में किसान कांग्रेस संगठन के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान की स्वीकृति मिलने के बाद जारी की गईं हैं।

### युवा ब्राह्मण विकास परिषद की बैठक संपन्न

**ग्यारसपुर।** युवा ब्राह्म्ण विकास परिषद की बैठक में सर्व समिति से ग्यारसपुर मंडल अध्यक्ष लकी शर्मा व मंडल प्रभारी अजय शर्मा जी को नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति जिला अध्यक्ष बागेश मिश्रा के द्वारा की गई।

### टक्कर मार भागी एंबुलेंस राहगीर ने बचाया

**विदिशा।** सोमवार रात करीब 8 बजे सिविल लाइन पुलिस थाना अंतर्गत सौंठिया मार्ग पर राहगीर अनिल राजपूत को प्राइवेट एंबुलेंस ने जोरदार टक्कर मारी और टक्कर मारने के बाद एंबुलेंस चालक मौके से फरार हो गया। समाजसेवी आदर्श तिवारी, देव शर्मा तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। और घायल को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। घायल की हालत अत्यंत गंभीर थी और उसकी एक पैर पूरी तरह से फ्रैक्चर हो गया।

---

एमबीबीएस छात्राओं ने मिशन शक्ति एवं महिला सशक्तीकरण से संबंधित व्याख्यान की प्रदर्शनी लगाई

# महिला आयोग अध्यक्ष ने मनाया कन्या जन्मोत्सव, अन्नप्राशन व गोद भराई की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

डा बबीता सिंह चौहान, अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त) उप्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता, महिला आयोग सदस्य (शअर्चना पटेल) मुख्य अतिथि, मुख्य विकारा अधिकारी (शेषनाथ सिंह चौहान) विशिष्ठ अतिथि, संयोजक प्रधानाचार्य डा मयंक कुमार शुक्ला एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा गजेन्द्र सिंह, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर के द्वारा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध जिला पुरुष / महिला चिकित्सालय ललितपुर में कन्या जन्मोत्सव, अन्नप्राशन एवं गोद भराई के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में सर्वप्रथम प्रधानाचार्य डा गंयक कुमार शुक्ला द्वारा डा बबीता सिंह चौहान, महिला आयोग अध्यक्ष का स्वागत किया गया। उपरान्त महिला आयोग अध्यक्ष द्वारा जिला प्रोबीजन/जिला कार्यक्रम विभाग द्वारा लगायी गई प्रदशनी का जायजा लिया गया एवं महिला आयोग अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि बहुत ही मनमोहन प्रदर्शनी लगायी गयी है। इसके पश्चात उप प्रधानाचार्य डा श्रुति सिंह ने चिकित्सा महाविद्यालय की एमबीबीएस छात्राओं द्वारा मिशन शक्ति एवं महिला सशक्तीकरण से संबंधित व्याख्यान की प्रदर्शनी जो चिकित्सा महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा बनायी गयी थी उसका अवलोकन कराया गया। जिस पर महिला अयोग अध्यक्ष रागस्त एमबीबीएस छात्राओं को प्रोत्साहित किया एवं बताया कि आप लोगों के द्वारा बहुत ही मनगोहन प्रदशर्नी लगायी गयी है। इसके पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित महिला आयोग अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारियों द्वारा चिकित्सालय में जन्गी कन्याओं का केक काटकर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। कन्या जन्मोत्सव के उपरान्त महिला आयोग अध्यक्ष द्वारा गभर्वती महिलाओं की गोद भराई का कार्यकम किया गया। गोद भराई कार्यकम के पश्चात छः माह के बच्चों को खीर खिलाते हुये अन्नप्राशन कार्यकम किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान चिकित्सालय में जन्मी समस्त कन्याओं को महिला आयोग अध्यक्ष एवं अन्य मंचासीन पदाधिकारियों द्वारा ड्रायफूड, गर्म कपड़े, एक पेड बच्ची के लिए एवं मिठाई इत्यादिं वितरित की गयी। महिला आयोग अध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं से पूछा गया कि इस तरह के कार्यक्रम पहले कभी हुये है और बताया गया कि मा० मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ उ०प्र० शासन द्वारा महिलाओं के लिए इस तरह की महत्वपूर्ण योजनाएं चलायी जा रही है। ताकि बच्चियों के जन्म से लेकर शिक्षा दिक्षा, शादी अन्य समस्त आवश्यक व्यवस्थायें सरकार द्वारा मुहईयां करायी जा रही है। जिससे बच्चियों को बोन न समझें। इसके उपरान्त प्रधानाचार्य डा मंयक कुमार शुक्ला द्वारा महिला आयोग अध्यक्ष डा बबीता सिंह को धन्यवाद ज्ञापन करते हुये चिकित्सा महाविद्यालय में महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकार दी गयी जिस पर महिला आयोग अध्यक्ष द्वारा प्रधानाचार्य डा मयंक कुमार शुक्ला एवं उनकी टीम को इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु बधाई दी गयी साथ ही यह भी कहा गया कि इस छोटे जनपद में इस तरह के आयोजन की इतनी अच्छी एवं उत्तम व्यवस्था करने के लिए प्रधानाचार्य एंव पूरी टीम को इस सहरानीय कार्य के लिए बधाई दी गयी। कार्यक्रम का संचालन नन्दलाल सिंह, जिला प्रोबीजन अधिकारी एवं श्री नंदलाल यादव हॉस्पिटल क्वालिटी मैनेजर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

कार्यक्रम के उपरान्त राज्य महिला आयोग अध्यक्ष एवं महिला आयोग सदस्य द्वारा चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी विभाग में भर्ती महिलाओं से चिकित्सालय में दी जाने वाली सुविधाओं के वारे में जानकारी ली गयी। प्रसव कक्ष का निरीक्षण करते हुये पूछा गया कि चिकित्सालय में कितने प्रसव होते है। जिस पर विभागाध्यक्ष डा० प्रांसी असाटी एवं सहायक अचार्य डा शिखा राजपूत द्वारा बताया गया कि चिकित्सा महाविद्यालय में 15 से 20 नार्मल प्रसव एवं 2-3 सिजेरियन प्रसव होते है। इसके पश्चात सर्जीकल वार्ड का भ्रमण किया गया एवं भर्ती महिलाओं से उपचार एवं सेवाओं के बारे में जानकारी ली गयी। जिस पर भर्ती महिलाओं द्वारा बताया गया कि चिकित्सालय में समस्त सेवायें बहुत अच्छी एवं निःशुल्क प्राप्त हो रही है। चिकित्सक एवं स्टाफ का व्यवहार भी बहुत अच्छा है। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा महाविद्यालय की सेवायें दुरूस्त एवं अच्छी पायी गयी। कार्यक्रम के दौरान डा मुधरेन्द्र सिंह माइकोबायोलॉजी विभाग, डा आकृति यादव विभागाध्यक्ष पीडियाट्रिक विभाग, डा पवन सूद वरिष्ठ फिजीशियन, डा विशाल जैन मीडिया प्रभारी, डा डीबी सिंह बालरोग विशेषज्ञ, डा आलोक तिवारी, बालरोग विशेषज्ञ, डा मनीष कुमार बालरोग विशेषज्ञ, नीरज कुमार जिला कार्यकम अधिकारी, चिकित्सालय नर्सिंग स्टाफ, महेन्द्र पटेल हेल्प डेस्क मैनेजर वन स्टॉप सेंटर मैनेजर व स्टाफ इत्यादि उपस्थित रहे।

---

स्थापना दिवस पर नागरिक सुरक्षा कोर मार्क ड्रिल संपन्न

# बिल्डिंग में लगी आग से रेस्क्यू कर लोगों को बचाना बताया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिलाधिकारी कार्यालय में स्थापित नागरिक सुरक्षा विभाग ललितपुर में नागरिक सुरक्षा कोर स्थापना दिवस का आयोजन किया गया जिसमें जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में व मुख्य अग्निशमन विभाग अधिकारी तथा उनकी टीम के साथ व स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा स्काउट गाइड एनसीसी आपदा मित्र आपदा सखी नागरिक सुरक्षा को कर्मचारी व स्वयंसेवकों के समन्वय से मॉक ड्रिल आपदा प्रबंधन पर चर्चा तथा जन जागरण के कार्यक्रमों के साथ आयोजन किया गया अंकुर श्रीवास्तव अपर जिलाधिकारी द्वारा अग्निकांड आपदा तथा किसी भी घटना दुर्घटना के समय त्वरित कार्यवाही किस प्रकार किया जाना है उसे पर विस्तृत जानकारी दी गई तथा राजीव गुप्ता अग्निकांड आपदा से संबंधित मॉक ड्रिल कर आम जनमानस को एवं छात्र-छात्राओं वॉलंटियर्स को जागरूक किया गया।



आपदा से बचाव व उसके प्रकार बताए

आरती सिंह आपदा विशेषज्ञ के संचालन में कार्यक्रम का शुरूआत किया गया उनके द्वारा अग्निकांड आपदा से किस तरीके से आग बुझाने सही होता है तथा किसी बिल्डिंग में लगी आग में किस तरह रेस्क्यू कर लोगों को बचाया जा सकता है अग्निकांड आपदा से बचाव व उसके प्रकार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही डॉ राजीव गुप्ता द्वारा स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी के साथ प्रभावित व्यक्ति को यदि सीपीआर की जरूरत होती है तो सीपीआर देने का भी विस्तृत जानकारी दी गई किसी भी आपदा के समय में क्या करें क्या न करें किसी घटना दुर्घटना पर हमारे वॉलिंटियर्स किस तरह अपना सहयोग कर सकते हैं और किस तरह भागीदारी निभा सकते हैं इस पर विस्तृत जानकारी दी गई।

उक्त कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मुख्य अग्निशमन अधिकारी स्वास्थ्य विभाग से डॉ राजीव गुप्ता तथा अग्निशमन विभाग की टीम के साथ रामपाल व मदन लाल व उनकी टीम स्वास्थ्य विभाग से एंबुलेंस टीम तथा एनसीसी प्रभारी संजीव कुमार शुक्ला बनी इंटर कॉलेज तथा रमेश कुमार तिवारी बनी जैन इंटर कॉलेज प्रवक्ता स्कॉउट गाइड तथा नेहरू महाविद्यालय से डॉक्टर राजीव कुमार निरंजन डॉ दीपक कुमार पाठक तथा आपदा मित्र सीसी स्काउट गाइड सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स तथा आपदा प्रबंधन स्टाफ व नागरिक सुरक्षा विभाग का स्टाफ सहित लगभग 200 लोग उपस्थित रहे।

---

मामला निपटाने दिए आदेश

# जनसुनवाई में बुजुर्ग महिला की एसपी ने सुनी फरियाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने कार्यालय में प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई कर रहे थे। जनसुनवाई के दौरान एक 80 बर्षीय बुजुर्ग महिला अपनी शिकायत लेकर पुलिस कार्यालय में आयीं।

उक्त बुजुर्ग महिला को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके पास आकर, सर्वप्रथम उसका हाल-चाल पूंछकर सूक्ष्म जलपान कराया गया व उसकी समस्या को गंभीरतापूर्वक सुना गया। उक्त बुजुर्ग महिला द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें उसके पोते द्वारा मकान में निवास करने को लेकर वाद-विवाद किये जाने का विवरण अंकित है। पुलिस अधीक्षक ने उक्त शिकायत का त्वरित व उचित निस्तारण करने के साथ-साथ अन्य सभी प्रकार की समस्याओं का निस्तारण करने हेतु भी निर्देशित किया गया। बुजुर्ग महिला द्वारा पुलिस अधीक्षक को हृदय से धन्यवाद और आशीर्वाद दिया। ललितपुर पुलिस के इस कार्य की जनसुनवाई के दौरान उपस्थित आम जन-मानस द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

---

# मूर्धन्य पत्रकार तिवारी की पुण्य तिथि पर बबेले ने रक्तदान व याद कर दी उन्हें श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जनपद के वरिष्ठ पत्रकार पंडित रामजी लाल तिवारी की पुण्य तिथि पर रविवार को जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में सामाजिक सरोकार का अनूठा उदाहरण देखने को मिला।

जहां पत्रकार प्रमोद बबेले ने अस्पताल में रक्तदान कर जरूरतमंद मरीज के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष भगत सिंह राठौर, नवेंदु अग्निहोत्री, जगदीप रावत, सत्य प्रकाश तिवारी व दीपक गोस्वामी राधे उपस्थित रहे। सभी ने प्रमोद बबेले के इस मानवीय कार्य की सराहना करते हुए इसे स्व. रामजी



लाल तिवारी जी को सच्ची श्रद्धांजलि बताया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि पत्रकारिता केवल खबर तक सीमित नहीं, बल्कि समाजसेवा का माध्यम भी है, और आज का यह कार्य इसका प्रेरणादायक उदाहरण है।

---

पेंशन शहीद स्व.रामाशीष की अटेवा ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित की

# मौन धारण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई व पुरानी पेंशन बहाली के संकल्प को भी दोहराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

ऑल टीचर्स, इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा) के प्रदेशाध्यक्ष विजय कुमार बंधु के आह्वान पर अटेवा ने रविवार को पेंशन शहीद स्व.डा.रामाशीष सिंह की नवम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उनके बलिदान को याद किया।

सभी अटेवियंस द्वारा स्व.रामाशीष के चित्र के सामने मोमबत्ती जलाकर एवं दो मिनट का मौन धारण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं पुरानी पेंशन बहाली के संकल्प को



दोहराया गया। इस दौरान अटेवा जिलाध्यक्ष रामेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली हम सभी शिक्षक कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार है। इसी हेतु स्व.रामाशीष ने अपने प्राणों की आहूति दे दी। हमें उनके जीवन से अपने हक ओ.पी.एस.बहाली के लिए संघर्ष की प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष अटेवा इंदर सिंह, के.के.सिंह, अनिल यादव, प्रमोद पटेल, नवनीत, रियाज अहमद, हाकिम सिंह, प्रमोद सैनी, आदर्श रावत, विक्रम सिंह, विशाल गुप्ता, उदयवीर सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव, जयंदर सिंह, मोहित बिसानी, पीयूष दीपांकर, डालचंद्र, हिमांशु पटेल, मिथलेश कुमार, अवनीश, विवेक सिंह, जयप्रकाश कुशवाहा, अरविन्द कुमार, गजेन्द्र सिंह, राजकुमार, रामप्रसाद कुशवाहा, जाहर राजपूत, भीम कुमार, नवीन सिंह, वेद प्रकाश, शादाब खां, निखिल कुमार, पुष्पेन्द्र दोहरे, संजीव निरंजन आदि शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

# दिव्य सुदर्शन क्रिया सिखाएंगे क्रिसमस पर आर्ट ऑफ लिविंग का खुशहाली शरद उत्सवः शर्मा



**ललितपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वावधान में एक बार फिर हैप्पीनेस प्रोग्राम खुशहाली कार्यक्रम होगा। उक्त बात आर्ट ऑफ लिविंग ललितपुर के योगा टीचर सुबोध शर्मा विश्वास ने एक भेंटवार्ता में बतायी। सुबोध शर्मा ने अपनी बार को आगे बढ़ाते हुए कहा कि उपहारों के पर्व क्रिसमस पर 6 दिवसीय हैप्पीनेस कार्यक्रम होगा, जिसमें आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता, संस्थापक व आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर के द्वारा सुसज्जित खुशहाली आयोजित किया जाएगा। इस पुनीत कार्यक्रम में योगा-प्राणयाम पद्मसाधना-ध्यान के साथ-साथ विश्व विख्यात दिव्य सुदर्शन क्रिया सिखाई जाएगी। सुबोध शर्मा विश्वास ने कहा कि प्रतिदिन सुदर्शन क्रिया करने से आपके जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन आने लगते हैं। आपके बेहतर स्वास्थ्य के अलावा आपके व्यक्तित्व में निखार आता है। आप चिंता और तनाव से मुक्त होने लगते है और आपके अन्दर बेहतर निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है। बताते चलें कि आगामी 20 से 25 दिसंबर तक खुशहाली कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। पहला चरण सुबह 7 से 9 बजे व शाम 5.30 से 7.30 बजे तक आयोजित होगा। उल्लेखनीय है कि जनपद में उक्त कार्यक्रम प्रत्येक दो माह में आयोजित किए जाते हैं। परिणाम स्वरूप तमाम योग साधक नित्य सुदर्शन क्रिया करके अपने स्वास्थ्य में और अपने जीवन स्तर में निरंतर सुधार पा रहे हैं। यहां पर यह भी बताना आवश्यक है कि विश्व प्रसिद्ध सुदर्शन क्रिया संसार में 184 देशों में सिखाई जाती है और पूरे विश्व के लोग सुदर्शन क्रिया से होने वाले असर को अपने जीवन में महसूस कर रहे हैं।

---

जो लोग फार्म भर रहे हैं वहीं मतदाता रहेंगे, शत प्रतिशत फार्म भरें

# मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान में सहयोग करें: कोरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व पर समस्त जनप्रतिनिधि भी एस आई आर कार्य को सफल करवाने में जुटे हैं श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी ने विधानसभा महरोनी के अंतर्गत ग्राम पंचायत बंट के बूथ संख्या 488,489,490 एवं ग्राम पंचायत निवाई के बूथ संख्या 389,390,391पर मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान का निरीक्षण किया एवं मतदाताओं से उनके सत्यापन की अपील की। उन्होंने कहा कि हमें यह मान कर चलना चाहिए कि जो लोग फार्म भर रहे हैं वहीं मतदाता रहेंगे इसलिए शत प्रतिशत फार्म भरे जाना चाहिए। इस मौके पर अध्यक्ष नगर इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पंचायत पाली मनीष तिवारी , जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु,मंडल अध्यक्ष पाली ब्रजेश राजपूत, पार्षद राम ,महामंत्री माधव पाठक , रवीन्द्र सिंह परमार आदि मौजूद रहे

---

# अब भी समय है, ऑन लाइन ऑफ लाइन आवेदन जमा करें

स्नातक विधायक निर्वाचन झाँसी - इलाहाबाद खण्ड क्षेत्र मतदाता बनने के लिए संबंधित विभाग या कर्मचारी से संपर्क करें जिससे आप स्नातक विधायक निर्वाचन में शामिल हो सके एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी ने अपनी बूथ संख्या- 295 पर मतदाता क्रमांक- 188 पर मतदाता बनकर आम स्नातक युवाओं से अपील की वह भी स्नातक में मतदाता बनकर एक जागरूक नागरिक होने का उदाहरण प्रस्तुत करें अगर किसी कारण बस स्नातक के अंक पत्र/ प्रमाण पत्र को घर पर खोजने में आलस कर गये यदि नहीं तो निर्वाचन कार्यालय द्वारा निगत मतदाता सूची से अपना बूथ संख्या एवं मतदाता क्रमांक नोट कर रखें, इसके अभाव में स्नातक एवं शिक्षक विधायक निर्वाचन में मतदान करते समय काफी कठिनाई आती हैं। यदिआप अभी तक मतदाता बनने हेतु आप आन लाइन/ आफ लाइन आवेदन नहीं कर सकें या आवेदन के बाद भी किसी त्रुटि के कारण आपका नाम निर्गत मतदाता सूची में नहीं हैं तो आपके पास अब भी समय हैं, आप आन लाइन/ आफ लाइन आवेदन जमा कर मतदाता बन सकते हैं। किसी प्रकार की कठिनाई अनुभव करनें पर अपने स्नातक के अंक पत्र प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छाया प्रति तथा एक फोटू अपने पास रखें, और निम्न नम्बर पर फोन करें आपके पास मैं स्वयं या अपने किसी साथी को आपके पास भेज कर आपका फार्म भरवाने और जमा कराने में सहयोग कर सकते हैं.। जिन क्षेत्रो में स्नातक एवं शिक्षक दोनो निर्वाचन हैं वहाँ दोनो अलग अलग फार्म भरे जाना है। लखनऊ, वाराणसी, आगरा और मेरठ सीटो पर दोनों तथा इलाहावाद- झाँसी सीट पर स्नातक व गोरखपुर- फैजाबाद व बरेली -मुरादाबाद सीटों पर शिक्षक विधायक निर्वाचन 2026 कुल ग्यारह सीटों पर निर्वाचन अगलें वर्ष सम्पन्य होना प्रतावित हैं।

## छोटी पुलिया के पिलरों में तरांपे न लगाने से बहकर निकल रहा पानी

# अजनार जैसे गंदे और सूखे स्वरूप में पहुंचने लगी जीवनदायिनी नेवज



**इनका कहना है...**

अगले एक-दो दिन में ही हम नेवज की छोटी पुलिया के पिलरों के बीच तरांपे लगवाना चालू करवा देंगे ताकि पानी का बहाव रुक जाए। इसके साथ ही विसर्जन कुंड की सफाई भी करवा दी जाएगी।

**जीतेंद्र विजयवर्गीय, सब-इंजीनियर, जल शाखा, नपा राजगढ़**

**विसर्जन कुंड की हालत भी बदहाल, उठ रही दुर्गंध**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

राजगढ़ नगर की जीवनदायिनी नेवज नदी भी अब प्रशासनिक अनदेखी के चलते ब्यावरा की अजनार के मानिंद होती जा रही है। आलम यह है कि अक्टूबर, नवंबर महीने में नेवज नदी पूरी तरह भरी हुई एवं कल-कल बहती रहती थी लेकिन वर्तमान स्थिति में नदी उथली होकर कहीं-कहीं तो पटपड़े तक नजर आना शुरू हो चुके हैं। नेवज नदी की छोटी पुलिया के गेटों/पिलर में नगर पालिका द्वारा हर साल अक्टूबर के अंत में तरांपे लगवा दिए जाते थे ताकि पानी बहकर आगे न जाए लेकिन इस साल अभी तक गेटों में तरांपे नहीं लगवाए गए हैं। यही कारण है कि नदी का पूरा पानी बहकर आगे जा रहा है और नेवज धीरे-धीरे सूखती जा रही है।

### जैकवेल के समीप भी हो रही पानी की कमी

नगर पालिका का सबसे पुराना जैकवेल भी छारबाग के यहां लगा हुआ है। इसी जैकवेल से नदी का पानी खींचकर फिल्टेशन प्रक्रिया उपरान्त घरों में सप्लाई किया जाता है। लेकिन, जैकवेल के समीप भी धीरे-धीरे नदी का जल-स्तर अब कम होता जा रहा है। यदि स्थिति यही रही तो आने वाले दिनों में नगर में जल संकट पैदा होने की संभावनाओं से भी इन्कार नहीं किया जा सकता।

### गंदगी से लबरेज होकर बदबू मार रहा विसर्जन कुंड

नेवज नदी की छोटी पुलिया के समीप ही स्थित विसर्जन कुंड की पूरी तरह से सफाई न करवाए जाने से उसकी हालत भी बद से बदतर होती जा रही है। विसर्जन कुंड में पड़ी गंदगी, कचरा आदि से निकलने वाली दुर्गंध से आसपास से निकलने वाले लोगों को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका के जिम्मेदारों से मांग की है कि विसर्जन कुंड की प्रॉपर तरीके से सफाई करवा दी जाए।

### नदी में ही धोए जा रहे कपड़े और वाहन

नगर पालिका ने नेवज नदी में कपड़े एवं वाहन आदि धोने के संबंध में पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसके बावजूद ग्रामीणों सहित अन्य द्वारा प्रतिदिन सर्फ, साबुन इत्यादि से नदी में ही कपड़े आदि धोते देखा जा रहा है। इसके साथ ही कई बार अनेकों वाहन मालिक भी नदी के बीच अपना वाहन खड़ा कर उसे धोते नजर आ रहे हैं।

## पूरी तरह पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई चुनाव प्रक्रिया

# निकटतम प्रतिद्वंदी को 8 वोट से हराकर राजगढ़ सदर बने अनवर



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

दफ्तर अंजुमन इस्लाम कमेटी राजगढ़ द्वारा रविवार को पूरी तरह लोकतांत्रिक तरीके से राजगढ़ शहर सदर का चुनाव संपन्न करवाया गया। शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से हुए चुनाव में अनवर खान उर्फ मोनु निवासी पुरा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 8 वोटों से हराकर चुनाव जीत लिया। स्थानीय पुरा क्षेत्र स्थित जामा मस्जिद में रविवार हुए चुनाव के लिए बाकायदा एक 12 सदस्यीय चुनाव कमेटी बनाई गई थी जिन्होंने संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाई। चुनाव अधिकारी शहर काजी सैयद नाजिम अली एवं सहायक चुनाव अधिकारी मोहम्मद असलम ने बताया कि सदर बनने कुल पांच प्रत्याशी मैदान में थे। राजगढ़ की 13 मस्जिदों के 248 सदस्यों ने अपने चुनिंदा प्रत्याशी को वोट डाले। इनमें अनवर खान उर्फ मोनू ने 92 वोट प्राप्त कर निकटतम प्रतिद्वंदी अनवर उर्फ राजा को 8 मतों से पराजित कर दिया।

### तीन साल के लिए बनाए गए हैं सदर

चुनाव कमेटी के प्रभारियों ने बताया कि सदर का चुनाव तीन साल में एक बार होता है। निवार्चित हुए सदर अनवर अपनी कार्यकारिणी बनाएंगे। मतगणना उपरान्त आधिकारिक रूप से विजय घोषित होने पर सदर अनवर ने उपस्थितों का तहेदिल से शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि वे यह जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभाएंगे एवं सभी के सहयोग से कौम के लिए बेहतर से बेहतर काम उनके द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही इमामों की तनख्वाह बढ़ाने को लेकर भी उन्होंने अपनी बात रखी।

**किस प्रत्याशी को कितने मत मिले**

| प्रत्याशी का नाम | प्राप्त मत |
|---|---|
| अनवर खान उर्फ मोनू | 92 |
| अनवर उर्फ राजा | 84 |
| आबिद हसन | 51 |
| रशीद शेख | 16 |
| अरशद अख्तर | 04 |
| निरस्त | 01 |

# राज्य शिक्षक संघ ने ज्ञापन सौंपा

**जीरापुर।** राज्य शिक्षक संघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। जिसमें राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त शिक्षक संवर्ग की समस्याओं का निराकरण करने की मांग रखी गई। ज्ञापन में उल्लेख किया कि राज्य शिक्षा सेवा में अध्यापक संवर्ग की नियुक्ति 1 जुलाई 2018 से की गई लेकिन नियुक्ति दिन के बाद से आज दिनांक तक अध्यापक संवर्ग से नियुक्त शिक्षकों की वरिष्ठता तिथि को लेकर असमंजस की स्थिति बरकरार है ऐसे में नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता नहीं मिलने से अनेक लाभों से वंचित होना पड़ रहा है। अतः अध्यापक संवर्ग को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ दिया जाए। जबकि शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय जाकर अपने कार्य का निर्माण करते हैं जिसके परिणाम प्रदेश की प्रावीण्य सूची में शासकीय विद्यालयों के बच्चे अपना स्थान बना रहे हैं इसलिए नियमित उपस्थिति के लिए अव्यवहारिक ई. अटेंडेंस व्यवस्था को भी बंद किया जाए। जहां पर राजेश गुप्ता ब्लाक अध्यक्ष ईश्वरसिंह परमार ,रामबाबू वर्मा ,भगवान गुजराती,श्याम वर्मा, रमेश पवार, गिरिराज शर्मा, कमल राठौर, रामबाबू कुम्भकार, लीला शर्मा सहित अनेकों शिक्षक शिक्षिकाओं ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

# गादिया स्कूल के पास जुआ अड्डे पर पुलिस की दबिश, 9 जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

जिले में जुआ, सट्टा व अन्य अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देश पर नरसिंहगढ़ थाना पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया। मध्यरात्रि को ग्राम किशोरपुरा स्थित गादिया स्कूल के पास गोविंद कुशवाहा की टपरी में चल रहे जुए पर दबिश देते हुए पुलिस ने 9 जुआरियों को रंगे हाथ पकड़ा। कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे एवं एसडीओपी मिनी शुक्ला के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में की गई। मौके से 8210 रुपये नगद, 2 मोटरसाइकिल, 6 एंड्रॉयड मोबाइल फोन सहित 183210 रुपये का मशरूका बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गिरफ्तार आरोपी

गरु लोहपीटा (संजय नगर), विष्णु सोधिया (कुंडीखेड़ा), भोला कुशवाहा (गादिया), सीताराम जोशी (किशोरपुरा), मोहन (नरसिंहगढ़), आनंद कुशवाहा (शंकरपुरा), अनिकेत वर्मा (चारपुरा), अजय वर्मा (बलबटपुरा) तथा गोविंद कुशवाहा (किशोरपुरा) शामिल हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी के साथ प्रधान आरक्षक सूरज चांवरिया, आरक्षक धर्मेंद्र रघुवंशी, सुनील मीणा, जगन यादव, राघवेंद्र शर्मा और रजनीश मीणा शामिल रहे।

# कुएं में डूबने से बालिका की मौत



**जीरापुर।** सुसनेर-जीरापुर मुख्य सड़क मार्ग के समीप स्थित ग्राम गोवर्धनपुरा में मंगलवार को एक हादसा घटित हो गया। गांव की 15 वर्षीय बालिका मुस्कान वर्मा, पिता बजरंगलाल वर्मा, अचानक कुएं में गिर गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने डायल 112 पर कॉल कर बचाव दल को बुलाया। आरक्षक राजेंद्र शर्मा एवं पायलट मोहन मेवाड़े मौके पर पहुंचे और बालिका को 108 एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## स्वामी विवेकानंद स्कूल में पंचतत्व थीम पर आयोजित हुआ वार्षिकोत्सव

# सालाना जलसे में नजर आया संस्कृति संस्कार और भक्ति का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

नगर के स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शनिवार रात्रि 'पंचतत्व' थीम पर सालाना वार्षिकोत्सव का भव्यतम आयोजन किया गया। सैकड़ों अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हुए इस जलसे में स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा दी गई एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। दीप-प्रज्वलन करते हुए कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया इसके उपरान्त स्कूल के मेघावी छात्र-छात्राएं पुरस्कृत किया गया। शाला प्राचार्य अमित साहा ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की उपलब्धियां बताते हुए स्कूल से अध्ययन उपरान्त अब जीवन में महत्वपूर्ण मुकाम हासिल कर चुके विद्यार्थियों का जिक्र किया। भव्यतम आयोजन में संगीत, सामुहिक नृत्य, नाटक व अन्य प्रस्तुतियों में देश की सांस्कृतिक विविधता, पौराणिक व गौरवशाली इतिहास, देश भक्ति, पर्यावरण जागरूकता, भक्ति और भारतीय संस्कृति, संस्कारों की झलक देखने मिले। विभिन्न प्रस्तुतियों में भारतीय दर्शन में बताए पंचतत्वों के विविध पहलुओं को बच्चों ने प्रस्तुत किया।



# गौमाता के छप्पन भोग व संकीर्तन यात्रा का हुआ आयोजन



**राजगढ़।** बड़ा सत्यनारायण मंदिर उत्सव समिति एवं नवयुवक गौसेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को गौमाता के छप्पन भोग एवं संकीर्तन यात्रा का आयोजन किया गया। भक्ति के साथ ही गौपालन के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्धेश्य से यह यात्रा निकाली गई। रविवार दोपहर सत्यनारायण भगवान मंदिर से आरंभ हुई संकीर्तन यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बमबम आश्रम गौशाला पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में नगर के कई श्रृद्धालु भक्तगण शामिल हुए। इसके साथ ही गौमाता के लिए छप्पन भोग का आयोजन भी श्रृद्धा और उत्साह के साथ किया गया जिसमें कई श्रृद्धालुओं ने सहयोग प्रदान किया। आयोजन समिति सदस्यों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में गौ-संरक्षण, सेवा और भारतीय परंपराओं को जीवंत रखने का सशक्त माध्यम हैं।

## कलकत्ता की सुप्रसिद्ध भजन गायक श्वेता कौशिक देंगी भजनों की प्रस्तुति

# 9 दिसंबर को होगा खाटू धाम पर 13 वां वार्षिक महोत्सव का आयोजन

**खुजनेर।** खुजनेर में मालवा के खाटू धाम के नाम से जाने वाले खाटू धाम पर 9 दिसंबर के दिन बाबा श्याम की स्थापना की गई थी। मंगलवार को 13 वां वार्षिक महोत्सव का आयोजन होगा। जिसमें बाबा श्याम को छप्पन भोग व अलौकिक दरबार सजाया जाएगा। जिसमें कलकत्ता के सुप्रसिद्ध गायक श्वेता कौशिक देवराज सेन ओमप्रकाश शर्मा खुजनेर धाम द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं मंदिर समिति ने बताया कि 9 दिसंबर 2012 में बाबा खाटू श्याम यह विराजित हुए थे।



खुजनेर धाम मालवा के खाटू धाम के नाम से पूरे मध्यप्रदेश में प्रसिद्ध है यह मनोकामनाएं पूर्ण के लिए नारियल बांधे जाते हैं आने वाले भक्तजनों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है हर एकादशी पर मेला स्वरूप दृश्य रहता है दूर दूर से भक्तजन पैदल निशान लेकर पहुंचते हैं हर दिन मंदिर समय अनुसार खुलता हे बड़ी संख्या में भक्तजन दर्शन को पहुंचते हैं मंदिर प्रांगण में भक्तों के लिए सेवा हेतु विश्राम हाल भोजन शाला सुलभ कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य भी जारी है।

# पीएम श्री गागोरनी में बैगलैस दिवस मनाया



**जीरापुर।** पीएमश्री विद्यालय में छात्र-छात्राओं ने शिक्षक अंतिम पुष्पद, अनिल पुष्पद के मार्गदर्शन में मांडना कला का प्रदर्शन किया। तथा खेल प्रतियोगिताओं में रस्सा खींच, लघु रिले दौड़ और कुर्सी दौड़ का भी आयोजन हुआ। स्टाफ विजय सिंह चौधरी, अजय गुप्ता ओम गुप्ता, ईश्वर सिंह तोमर, नितेश शर्मा, कमल, सुनीता, रंजना के सहयोग से मेंहदी और सुंदर चोटी प्रतियोगिताएं भी संपन्न हुई। अंत में विज्ञान शिक्षक भगवान सिंह मालवीय ने रोचक तरीके से जादू नही विज्ञान है कार्यक्रम के द्वारा सभी को अंधविश्वास से बचने की सलाह दी। बैगलैस कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य रमेश चंद्र दांगी और प्रधानाध्यापक रामचंद्र मालवीय ने किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी।

# मलावर में डॉ अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर संविधान बचाने की शपथ ली



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

मलावर नगर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गादिया द्वारा मलावर एव आगर मंडल की संयुक्त बैठक का आयोजन शनिवार शाम को मुख्य बाजार में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रभारी सचिन गिरी, ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल बना शामिल हुए। बैठक का मुख्य उपदेश घर-घर और हर चौपाल पर संविधान के महत्व की जानकारी पहुंचना उद्देशय था। इसमे अभियान को जन-जन तक ले जाने के लिए रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक के प्रारंभ में संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्य तिथि मनाई गई। बैठक में मंडलम अध्यक्ष मोहन यादव आगर मंडलम अध्यक्ष राजकुमार जाट, सरपंच रोड़सिंह ठाकुर, जनपद सदस्य विष्णु गुर्जर, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश दांगी, केपी बना, मोहन जाट, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष चंदरसिंह गुर्जर, एनएसयूआहेमराज मेहर आदि बड़ी संख्या में आमजन और कार्यकर्ता शामिल हुए हैं।

# शौर्य दिवस पर विहिप-बजरंग दल ने आरती का आयोजन किया



**सारंगपुर।** शौर्य दिवस के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल नगर सारंगपुर के संयुक्त तत्वावधान में संकट मोचन हनुमान मंदिर में भारत माता एवं भगवान श्रीराम की आरती का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों ने सहभागिता कर वातावरण को भक्तिमय एवं राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत बना दिया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम भगवान श्रीराम की आरती की गई, जिसके बाद भारत माता की आरती सम्पन्न हुई। आरती के समय जयकारों और भजनों से मंदिर परिसर गूंज उठा, जिससे श्रद्धालुओं में उत्साह और आस्था का संचार हुआ। भारत माता की आरती के माध्यम से राष्ट्रप्रेम और एकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों ने शौर्य दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए राम मंदिर आंदोलन के दौरान दिए गए बलिदानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

वक्ताओं ने कहा कि शौर्य दिवस हमें हमारे गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विरासत और त्यागदृबलिदान की याद दिलाता है। यह दिन समाज को अपने धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति सजग रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर उनके संरक्षण के लिए एकजुट होकर खड़े होने की प्रेरणा देता है।

## नदी और नालों से रेत माफिया बोट डालकर कर रहे रेत का अवैध उत्खनन

# सारंगपुर में धड़ल्ले से रेत का खनन और खरीद-फरोख्त

### नियमों को ताक पर रख रहे माफिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों रेत का अवैध कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। कालीसिंध नदी क्षेत्र सहित आसपास के गांवों के नालों से रेत माफिया बोट डालकर अवैध उत्खनन कर रहे हैं और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से शहर में धड़ल्ले से रेत की खरीद-फरोख्त की जा रही है। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा खेल प्रशासन और खनिज विभाग की नाक के नीचे चल रहा है, लेकिन अब तक किसी ठोस और प्रभावी कार्रवाई के संकेत नहीं मिल सके हैं। सूत्रों के अनुसार, अवैध रेत का यह नेटवर्क सुबह से लेकर देर रात तक सक्रिय रहता है। दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लगातार चक्कर लगाकर रेत को सारंगपुर शहर तक पहुंचा रही हैं, जहां खुलेआम इसका विक्रय किया जा रहा है। सस्ती रेत मिलने से कुछ लोग अवश्य लाभ उठा रहे हैं, लेकिन इसके दुष्परिणाम सरकार को भारी राजस्व हानि और आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के खतरे के रूप में भुगतने पड़ रहे हैं।

शहर के विभिन्न स्थानों पर बिना अनुमति रेत उतारी जा रही है। ट्रैक्टर चालकों का कहना है कि वे रेत माफियाओं के निर्देश पर ही परिवहन करते हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि पूरा अवैध कारोबार सुनियोजित और संगठित तरीके से संचालित हो रहा है।

### सूचना तंत्र की कमजोरी पर सवाल

कागजों में हर गांव-पंचायत और क्षेत्र में मैदानी अमला तैनात है, लेकिन अवैध उत्खनन और परिवहन की सूचनाएं या तो संबंधित विभागों तक पहुंच ही नहीं पा रही हैं या जानबूझकर अनदेखी की जा रही है। कभी-कभार औपचारिक कार्रवाई होती भी है तो तब तक रेत माफिया मौके से फरार हो जाते हैं। इस कमजोर सूचना तंत्र का सीधा फायदा अवैध कारोबारी उठा रहे हैं।

### पुलिस चौकी के सामने से गुजरते ट्रैक्टर

समीपवर्ती जिले से कोंटा मार्ग पर उकावता पुलिस चौकी बनी हुई है, जिसका उद्देश्य अवैध परिवहन पर रोक लगाना है। बावजूद इसके, चौकी के सामने से रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां दिन-रात गुजरती रहती हैं। इक्का-दुक्का मामलों को छोड़ दें तो कोई प्रभावी कार्रवाई सामने नहीं आई है। इसी प्रकार बड़ोदिया थाना क्षेत्र से भी खुलेआम रेत से भरे ट्रैक्टर सारंगपुर पहुंच रहे हैं।



### जनसुरक्षा और राजस्व को नुकसान

क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि बीते छह महीनों में अवैध रेत परिवहन में तेजी आई है। इंदौर नाका सहित प्रमुख सड़कों पर तेज रफ्तार रेत लदे ट्रैक्टरों से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। साथ ही सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

### रेत धोने का कारोबार भी खुलेआम

सारंगपुर में बाहर से लाई जा रही मिट्टी-युक्त रेत को धोने का कारोबार भी खुलेआम चल रहा है। नदी किनारे रेत से भरे ट्रैक्टर खड़े रहते हैं और शहर में कई स्थानों पर ऐसे ट्रैक्टर बिना किसी डर के खड़े दिखाई देते हैं, मानो उन्हें किसी कार्रवाई का भय ही न हो।

### जिम्मेदारों से नहीं हो सका संपर्क

इस पूरे मामले में जब जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किए। क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रशासन और खनिज विभाग से मांग की है कि अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर तत्काल सख्त कार्रवाई कर इस बेलगाम कारोबार पर अंकुश लगाया जाए। इस संबंध में सारंगपुर एसडीएम रोहित बम्होरे बोले- रेत खनन पर हवा में बातें मत करो कहां हो रहा है और कहां जा रहा है इसकी पूरी जानकारी मुझे दो।